समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के डीजीपी राजीव शर्मा के पिता को दी श्रद्धांजलि, नोएडा पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस

राजेश चौधरी

Published on 30 Jun 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को नोएडा स्थित राजस्थान पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) राजीव शर्मा के आवास पहुंचे और उनके पूज्य पिताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीजीपी राजीव शर्मा एवं उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने के लिए सांत्वना दी और हर संभव मानसिक संबल प्रदान करने की कामना की।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

उन्होंने कहा कि किसी प्रियजन का निधन परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है और इस कठिन समय में पूरा प्रदेश परिवार के साथ खड़ा है।

श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं

प्रकट कीं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.